जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में आज दिनांक 25.11.2023 को जनपद के समस्त थानों पर समाधान/थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय द्वारा थाना मुहम्मदाबाद में उपस्थित रहकर पूर्व के प्रार्थना पत्रों की गहन समीक्षा तथा जनसुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा प्रार्थना पत्रों का रैण्डेमली फीडबैक लिया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रा0 पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से कुल 20 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व टीम को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराकर निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना परिसर में उपस्थित राजस्व विभाग, पुलिसबल के अधिकारी/कर्मचारिगण तथा आमजन को विभिन्न तरिकों से होने वाले साइबर फ्राड के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया इससे बचने के उपाय बताए गये।

**तीन शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के तीन अदद विद्युत मोटर पंप बरामद–**

आज दिनांक 25.11.2023 को थाना रानीपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर भरखुआ मोड़ के पास से प्रियम राजभर उर्फ बजरंगी पुत्र मुन्ना राजभर निवासी दुर्जेपुर थाना रानीपुर, गोलू कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी अछार थाना सरायलखंसी तथा संजय कुमार पुत्र लालू राम निवासी खण्डेरायपुर थाना रानीपुर जनपद मऊ के कब्जे से थाना रानीपुर क्षेत्र के विभिन्न जगहो से चोरी कुल 03 अदद विद्युत मोटर पंप बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत अभियोगों में धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी कर अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया गया।

**02 वांछित तथा एक वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–**

आज दिनांक 25.11.2023 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना मधुबन पुलिस द्वारा गजियापुर तिराहे के पास से मु0अ0सं0 291/23 धारा 363,366 भादवि0 में वांछित अभियुक्त प्रिंस हरिजन पुत्र मोहित हरिजन निवासी सुबाह थाना मधुबन, थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा चौहान चौक के पास से मु0अ0सं0 138/23 धारा 363,366,376 भादवि0 व धारा 3/4 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त चिरंजीवी पुत्र हरिनाथ निवासी गोठा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ तथा थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त मिंटू चौहान पुत्र रामाकान्त निवासी सीसवा बलुआ थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।